विधान सभा सचिवालय
मध्यप्रदेश
समाचार

विधान सभा की नवगठित सभा समितियों की प्रथम संयुक्त बैठक कल

भोपाल, दिनांक 6 अप्रैल, 2026

मध्यप्रदेश विधान सभा अध्यक्ष माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा वर्ष 2026 -27 के लिए सभा समितियों का गठन किया गया है जिसकी संयुक्त बैठक, मंगलवार, दिनांक 7 अप्रैल 2026 को अपराह्न 3:00 बजे से विधान सभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में माननीय विधान सभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार, संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय,समितियों के सभापति एवं सदस्यगण उपस्थित रहेंगे।

गठित समितियों में चार वित्तीय समितियां, लोक लेखा समिति, सरकारी उपक्रमों सबंधी समिति,प्राक्कलन समिति तथा स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति शेष अन्य पन्द्रह समितियां, कार्यमंत्रणा समिति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति, याचिका एवं अभ्यावेदन समिति, प्रत्यायुक्त विधान समति, शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति, विशेषाधिकार समिति, नियम समिति, सदस्य सुविधा समिति, पुस्तकालय अनुसंधान एवं संदर्भ समिति, पटल पर रखे गए पत्रों का परीक्षण करने संबंधी समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति, महिला एवं बाल कल्याण समिति, आचरण समिति, कृषि विकास समिति तथा सदस्यों के शिष्टाचार एवं सम्मान अनुरक्षण समिति का गठन किया गया है।

विस /जसं /26

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव